केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2016/291 दिनांक: 25.07.2016

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2016/00288
CICOM/R/2016/00726

अपीलकर्ता : श्री भगीरथ सिंह सोढ़ा,
पुत्र – श्री सूरजमाल सिंह सोढ़ा,
निवासी – माजीसा बास, नवल सागर कुएं के पास,
गवर्मेंट प्रेस रोड, बीकानेर - 334001.

निर्णय की तारीख: 25.07.2016

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 11.05.2016 |
| आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर की तिथि | 13.06.2016, 20.06.2016 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री वीरेन्द्र कुमार चन्डोक, श्री दिनेश कुमार |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 02.07.2016 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 152202/06.07.2016 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 401/06.07.2016 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से डायरी सं. 131276 दिनांक 13.05.2015 के तहत मांगी गई सूचना से संबंध में जानकारी मांगी थी । अपीलकर्ता ने अभियोग लगाया है लोक जन सूचना अधिकारी द्वारा प्राथी के प्रार्थना पत्र को संबंधित जन सूचना अधिकारी को सीधे जवाब देने हेतु अग्रसारित कर दिया गया, परन्तु संबंधित जन सूचना अधिकारी द्वारा कोई सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है ।

2. अपीलकर्ता के आर.टी.आई. आवेदन का अवलोकन करने पर प्रतीत होता है कि आवेदक ने डायरी सं. 131276 दिनांक 13.05.2015 के तहत आयोग से कोई सूचना मांगी थी । संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया श्री दिनेश कुमार, पूर्व उप-पंजीयक, सेन्ट्रल रजिस्ट्री द्वारा दिनांक 20.06.2016 को अपीलकर्ता को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि डायरी सं. 131276 दिनांक 13.05.2015 के तहत दर्ज उनका पत्र केवल एक लिंक डाक है, द्वितीय अपील नहीं । ऐसा प्रतीत होता है कि अपीलकर्ता को प्रदान की गई सूचना प्राप्त नहीं हुई है, अत: अपीलकर्ता के सुलभ संदर्भ हेतु प्रदान की गई सूचना की प्रतिलिपि संलग्न है ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. अपीलकर्ता अगर प्रदान की गई सूचना से संतुष्ट न हों तो सूचना प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष पुन: प्रथम अपील दाखिल की जा सकती है ।

अचला सिन्हा
(अचला सिन्हा)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

O/C

प्रतिलिपि :
1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी, सेन्ट्रल रजिस्ट्री, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

29/7/16

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
28 JUL 2016
Initials

29/7/16

C. I. C./के० सू० आ०
ISSUED
29 JUL 2016
D No.
Initials